Scheme of Examination

<u>कनीय लिपिक के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा की पद्धति :</u>

सर्वप्रथम एक **कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय)** ली जायेंगी, जिसमें मैट्रिक स्तर के प्रश्न पूछे जायेंगे । इस परीक्षा में सफल अभ्यार्थियों का **हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच** परीक्षा ली जायेगी ।

(i) कम्प्यूटर आधारित परीक्षा :- इस परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे । प्रश्नवार बहुविकल्पीय उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन अपेक्षित होगा । परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और कुल 100 प्रश्न होंगे ।

यह परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । साथ ही प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती भी की जाएगी । प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा । अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में कोई भिन्नता होगी तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे ।

- **इस परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, अनुवर्ती टंकण जाँच परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा । इस निमित्त, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक 6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति / जनजाति, महिलाओं तथा दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे ।**

अधिक आवेदन प्राप्त होने पर यह परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है । विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी । समानीकरण की प्रक्रिया की जानकारी FAQ (Frequently Asked Questions about Equating of Scores on Multiple Forms) के अन्तर्गत देखी जा सकती है ।

(ii) <u>टंकण जाँच परीक्षा :-</u>

कम्प्यूटर परीक्षा के माध्यम से कुल उपलब्ध रिक्तियों के लगभग 10 गुणा संख्या के बराबर निर्धारित अर्हतांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन टंकण जाँच परीक्षा हेतु किया जायेगा ।

हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा 30-30 शब्द प्रति मिनट के हिसाब से वांछनीय है । कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या-10/परी-1049/77 का०-9, दिनांक 06.01.1978 के आलोक में यह जाँच परीक्षा 10-10 मिनट की होगी एवं टंकण में हुई गलतियों में 1.5 (डेढ़) प्रतिशत छूट अनुमान्य है। उक्त टंकण जाँच परीक्षा कम्प्यूटर / साधारण टंकण यंत्र पर ही ली जायेगी । वैसे अभ्यर्थी जो साधारण टंकण यंत्र पर टंकण परीक्षा देना चाहते है, उन्हें साधारण टंकण यंत्र स्वयं लाना होगा ।